केन्द्रीय विद्यालय संगठन(मुख्यालय)
Kendriya Vidyalaya Sangathan (HQ)
18, संस्थागत क्षेत्र, शहीद जीतसिंह मार्ग,
18, Institutional Area, Saheed Jeet Singh Marg
नई दिल्ली/New Delhi-110016
फोन न./Phone no.26858570, हिंदी अनुभाग
वेबसाइट/Website: www.kvsangathan.nic.in
ईमेल/Email: kvshindisection@gmail.com

केन्द्रीय विद्यालय संगठन

आज़ादी का अमृत महोत्सव

फा.सं. 11025/19/2022-केविसं(मु०)/हिं/ 4057-411

दिनांक :- 12 सितंबर,2023

विषय :- केविसं(मुख्या.) में दिनांक 14 से 28 सितंबर तक हिंदी पखवाड़े का आयोजन

केन्द्रीय विद्यालय संगठन(मुख्या.) में राजभाषा हिंदी को बढ़ावा देने के लिए प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी दिनांक 14 सितंबर से 28 सितंबर, 2023 तक हिंदी पखवाड़ा मनाए जाने का निर्णय लिया गया है। इसलिए संगठन (मुख्या.) के सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों से अनुरोध है कि इस अवधि में आप अपना समस्त सरकारी कार्य राजभाषा हिंदी में ही करें और यही भाव अपने अधीनस्थ एवं सहकर्मियों में जागृत करें। आप सभी के इस प्रकार के सहयोग से ही केविसं में हिंदी पखवाड़े का आयोजन सार्थक सिद्ध हो सकेगा। इसके साथ-साथ इस अवसर पर हिंदी प्रतियोगिताओं का आयोजन भी किया जाएगा जिनका विवरण इस प्रकार है :-

क्र.सं.	प्रतियोगिता	दिनांक एवं समय	प्रतिभागिता	स्थान
1.	हिंदी टिप्पण एवं प्रारूप लेखन प्रतियोगिता	18 सितंबर , 2023 अपराह्न 02.30 से 03.30 बजे तक)	सभी अधिकारियों और कर्मचारियों के लिए	द्रोणाचार्य कक्ष/भीष्म सभागार
2.	सुलेख एवं श्रुतलेख प्रतियोगिता	19 सितंबर , 2023 (अपराह्न 02.30 से से 03.30 बजे तक))	केवल सब-स्टाफ कर्मचारियों के लिए	द्रोणाचार्य कक्ष/भीष्म सभागार
3.	कम्प्यूटर पर हिंदी टंकण प्रतियोगिता (इस प्रतियोगिता के तहत केवल इनस्क्रिप्ट द्वारा किए गए टंकण कार्य को ही पुरस्कार हेतु पात्रता एवं मान्यता प्रदान की जाएगी)	20 सितंबर , 2023 (अपराह्न 02.30 से 03.30 बजे तक)	केवल कनिष्ठ सचिवालय सहायकों के लिए	द्रोणाचार्य कक्ष/भीष्म सभागार
4.	निबंध लेखन प्रतियोगिता	21 सितंबर , 2023 (अपराह्न 02.30 से 03.30 बजे तक)	सभी अधिकारियों और कर्मचारियों के लिए	द्रोणाचार्य कक्ष/भीष्म सभागार
5	सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता	22 सितंबर , 2023 (अपराह्न 02.30 से 03.30 बजे तक)		द्रोणाचार्य कक्ष/भीष्म सभागार

02. नियम एवं शर्तें :

इन प्रतियोगिताओं के लिए प्रमुख नियम एवं शर्तें :

1. किसी भी एक प्रतियोगिता में पाँच से कम प्रतिभागी होने पर प्रतियोगिता रद्द की जा सकती है। हिंदीतर भाषी (Non Hindi) कर्मचारियों को मूल्यांकन में 20% अतिरिक्त अंकों का लाभ दिया जाएगा।

---जारी /-

2. हिंदी आशुलिपिक/टंकण के रूप में भर्ती हुए कार्मिक प्रतियोगिता में भाग ले सकते हैं, किन्तु वे किसी पुरस्कार के हकदार नहीं होंगे।
3. प्रत्येक प्रतियोगिता में निर्णायक का निर्णय अंतिम एवं सर्वमान्य होगा।
4. किसी एक कार्मिक द्वारा एक से अधिक प्रतियोगिताओं में विजयी रहने पर अधिकतम राशि का **केवल एक पुरस्कार** दिया जाएगा तथा दूसरी प्रतियोगिता से उनका नाम हटाकर उनके नीचे के क्रम के अगले कार्मिक को उस प्रतियोगिता में पुरस्कार हेतु चयनित किया जाएगा।
5. हिंदी अनुभाग में कार्यरत अधिकारी एवं कर्मचारी इन प्रतियोगिताओं में भाग लेने के पात्र नहीं होंगे।
6. प्रशासनिक कारणों से तिथियों एवं स्थान इत्यादि में परिवर्तन भी किया जा सकता है।

03. पुरस्कार :

प्रथम पुरस्कार रु. 5100/-(पांच हजार एक सौ), द्वितीय पुरस्कार रु. 2100/-(दो हजार एक सौ) और तृतीय पुरस्कार रु. 1100/-(एक हजार एक सौ) का होगा।

संक्षेप में संगठन(मुख्या.) के सभी अधिकारियों और कर्मचारियों तथा अनुभागों से आग्रह है कि आप दिनांक 14 सितंबर से 28 सितंबर, 2023 तक अपना समस्त सरकारी काम राजभाषा हिंदी में करके इस संवैधानिक अपेक्षा का पालन करें। साथ ही हिंदी प्रतियोगिताओं में अधिक से अधिक संख्या में भाग लें। वरिष्ठ अधिकारियों से यह भी अनुरोध है कि इसकी जानकारी अपने कार्यालय/अनुभाग के सभी कर्मचारियों को देने की कृपा करें तथा प्रतिभागिता हेतु अधिकारी/कर्मचारी अपने नाम दिनांक 13.09.2023 (पूर्वाह्न) तक संलग्न प्रपत्र में भरकर हिंदी अनुभाग में भिजवा दें।

हिंदी पखवाड़े का समापन दिनांक 29-09-2023 को आयुक्त महोदया के कर-कमलों द्वारा किया जाएगा।

पी. देवकुमार 11.9.23

संलग्नक : नामांकन प्रपत्र

(डॉ. पी. देवकुमार)
संयुक्त आयुक्त (कार्मिक)

वितरण : -

1. संगठन (मुख्या.) के सभी अधिकारियों एवं अनुभागों को सूचना एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु।
2. सूचनापट्ट/ई-ऑफिस नोटिस बोर्ड।
3. गार्ड फाइल।

प्रपत्र

विषय : हिंदी पखवाड़ा वर्ष 2023 के दौरान आयोजित प्रतियोगिताओं हेतु नामांकन

1. अधिकारी/कर्मचारी का नाम :
2. पदनाम एवं अनुभाग :
3. मातृभाषा :
4. प्रतियोगिता का नाम, जिसमें हिस्सा लेना चाहते है :

प्रतिभागी के हस्ताक्षर
दिनांक सहित

सेवा में,
हिंदी अनुभाग

प्रपत्र

विषय : हिंदी पखवाड़ा वर्ष 2023 के दौरान आयोजित प्रतियोगिताओं हेतु नामांकन

1. अधिकारी/कर्मचारी का नाम :
2. पदनाम एवं अनुभाग :
3. मातृभाषा :
4. प्रतियोगिता का नाम, जिसमें हिस्सा लेना चाहते है :

प्रतिभागी के हस्ताक्षर
दिनांक सहित

सेवा में,
हिंदी अनुभाग

प्रपत्र

विषय : हिंदी पखवाड़ा वर्ष 2023 के दौरान आयोजित प्रतियोगिताओं हेतु नामांकन

1. अधिकारी/कर्मचारी का नाम :
2. पदनाम एवं अनुभाग :
3. मातृभाषा :
4. प्रतियोगिता का नाम, जिसमें हिस्सा लेना चाहते है :

प्रतिभागी के हस्ताक्षर
दिनांक सहित

सेवा में,
हिंदी अनुभाग